### जायजा लेकर लौटी निगम की टीम

# शहर में अब अंबिकापुर मॉडल पर होगा काम



अंबिकापुर को स्वच्छ बनाने के अलग-अलग कामों को निगम की टीम ने जाना

**जगदलपुर @ पत्रिका**. जगदलपुर शहर में अब साफ-सफाई का काम अंबिकापुर मॉडल पर होगा। दरअसल निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर निगम की एक टीम को अंबिकापुर रवाना किया गया था। टीम में शामिल स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास, अजय बनिक ,उप अभियंता अमर सिंह कश्यप पीआईयू योगेश पाणिग्[रही ने वहां पर देखा कि अंबिकापुर में किस तरह से साफ सफाई की कार्य योजना बनाई गई है। साथ ही गार्बेज सिस्टम ,एसआरएलएम सेंटर में कचरा पृथक करने के काम, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को देखा गया। अब वहां की तरह की जगदलपुर नगर निगम में काम करने की कार्य योजना बनाई जाएगी ताकि अंबिकापुर की तरह जगदलपुर भी स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन पर आ सके। आज अंबिकापुर स्वच्छता के लिए प्रदेश ही नहीं पूरे देश में स्वच्छता पर एक मॉडल शहर के रूप में पहचाना जाता है। इस कार्य को जानने एवं उसी तर्ज पर जगदलपुर शहर में भी सफाई के सिस्टम पर कार्य करने के लिए आयुक्त हरेश मंडावी जगदलपुर निगम मे टीम का गठन कर अंबिकापुर के मॉडल को जाननभेजा था। दल के द्वारा अंबिकापुर शहर का भ्रमण कर वहां की साफ-सफाई व्यवस्था के मॉडल का अवलोकन कर वहां के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर चर्चा किया।

Scanned with OKEN Scanner

बदल रही तस्वीर

# मुख्य मार्गों से मोहल्लों तक में जारी है निगम का विशेष सफाई अभियान



**जगदलपुर**. शहर के एक वार्ड में सफाई अभियान में जुटे कर्मी।

## जिन नुक्कड़ों में कचरे का ढेर लगा रहता था वहां अभियान की वजह से सफाई दिख रही

**जगदलपुर @ पत्रिका**. शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निगम प्रशासन लगातार शहर में विशेष सफाई अभियान चला रहा है। इसके तहत शहर के मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों तक में निगम का अमला सफाई का काम कर रहा है। अभियान की शुरुआत से पहले शहर के जिन नुक्कड़ों में कचरे का ढेर नजर आता था। वहां पर अब सफाई दिख रही है। वार्डों में छोटे-बड़े नालों की सफाई का काम भी तेजी से चल रहा है। आयुक्त हरेश मंडावी अभियान की सतत निगरानी करते हुए कर्मचारियों को से चर्चा कर अभियान को सफल बनाने की योजना पर काम करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नगर निगम के द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान लगातार चलाए जाकर सफाई कर्मचारियों की गैंग बनाकर शहर के वार्डो में सफाई किया जा रहा है । जिससे वार्ड के नालियों की पूरी तरह सफाई की जा रही है । इस अभियान का वार्ड के लोगों के द्वारा काफी सराहना की किया जा रहा है । साथ ही सफाई कर्मचारी ,स्वच्छता दीदी ,एनयूएलएम की टीम सफाई करने के साथ वहां के रहवासियों एवं दुकानदारों को मुहिम से जोड़कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए नालियों एवं सड़कों पर कचरा ना डालने का संकल्प दिलाया जा रहा है। इस सफाई अभियान से शहर की जनता का पूरा सहयोग मिलने के साथ अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है । अभियान को मोतीलाल नेहरू ,अटल बिहारी वाजपेई ,राजेंद्र नगर ,मदर टैरेसा व अन्य वार्डो में नालियों एवं पुलियों का सफाई कर्मचारियों से सफाई कर अभियान चलाया गया।

Scanned with OKEN Scanner

पहल • नगर निगम की टीम ने अंबिकापुर का भ्रमण कर वहां के सफाई मॉडल को देखा

# अंबिकापुर की तरह अब शहर में होगी सफाई, स्वच्छता रैंकिंग में मिलेगा लाभ

भास्कर न्यूज़ | जगदलपुर

अंबिकापुर स्वच्छता मॉडल अब किसी पहचान का मोहताज नहीं है। शहर की साफ सफाई की चर्चा छत्तीसगढ़ की गलियों से निकलकर विदेश तक जा पहुंची है। इस शहर का स्वच्छता मॉडल सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपनी पहचान बन चुका है तो वहीं दूसरी ओर नगर निगम की कचरा प्रबंधन नीति के कारण उसे अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। इंटरनेशनल प्लेटफार्म पर बड़ी उपलब्धि पाने वाला अंबिकापुर छत्तीसगढ़ का पहला निगम है। फिर वह चाहे आरआर आरसेंटर हो या फिर प्लास्टिक कचरे के कलेक्शन से लेकर उसकी निस्तारण तक का प्रबंधन अंबिकापुर के स्वच्छता मॉडल ने जाना जाने लगा है।

आने वाले समय में जगदलपुर शहर को भी अंब्किपुर की तरह जाना जाएग इसको लेकर यहां की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए जगदलपुर निगम के चार कर्मचारियों को अंबिकापुर भेजा गया था। इन कर्मचारियों ने यहां की सफाई व्यवस्था को देखा और यहां पर काम करने वाले समूह की महिलाओं से कचरे को सही ढंग से नष्ट करने के उपाय जाने और अब इसे जगदलपुर में शुरू करने की योजना बनाने में जुट गए है। दौरे पर कर्मचारियों की मानें तो अंबिकापुर को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी वहां के नागरिक और निगम दोनों ने उठा रखी है।

## अब सड़क पर मलबा रखने से पहले निगम से लेनी होगी अनुमति



अंबिकापुर के एसएलआरएम सेंटर के कर्मचारियों से बात करती हुई टीम।

### अब यह काम करेगा निगम

- मलबा सड़क पर रखने से पहले निगम से अनुमति लेनी होगी
- एसएलआरएम सेंटर में काम करने वाली महिलाएं अब शिफ्ट में काम करेंगी
- शहर से नुक्कड़ खत्म किए जाएंगे
- सड़क पर और नाली में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी
- परफार्मेंस इंडेक्स तय किया जाएगा
- अब मशीनों का 100 फीसदी उपयोग समय पर किया जाएगा।

### अंबिकापुर में रह चुके हैं कलेक्टर और आयुक्त

कलेक्टर विजय दयाराम के एवं निगम आयुक्त हरेश मंडावी पूर्व में अधिकारी रहते अंबिकापुर शहर में सफाई मॉडल पर काफी मेहनत कर अंबिकापुर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में कार्य कर चुके हैं। जिसका परिणाम आज अंबिकापुर स्वच्छता के लिए प्रदेश ही नहीं पूरे देश में स्वच्छता पर एक मॉडल शहर के रूप में पहचाना जाता है। इस बेहतरीन कार्य को जानने एवं उसी तर्ज पर जगदलपुर शहर में भी सफाई के सिस्टम पर कार्य करने के लिए आयुक्त निगम मे टीम का गठन कर अंबिकापुर के मॉडल को जानने व निरीक्षण के लिए दल को भेजा था। दल के द्वारा अंबिकापुर शहर का भ्रमण कर वहां की साफ सफाई व्यवस्था के मॉडल का निरीक्षण कर वहां के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर चर्चा किया। इस प्रकार मॉडल को जगदलपुर शहर में उसी तर्ज पर कार्य करने की योजना बनाई जा रही है।

### एसएलआरएम सेंटर के कर्मचारियों से की बात

नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी अंबिकापुर की बेहतरीन सफाई सिस्टम का निरीक्षण एवं सिस्टम को जानने के उद्देश्य से स्वच्छता विभाग के 4 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का टीम बनाकर अंबिकापुर भेजा गया था। इस टीम में हेमंत श्रीवास ,अजय बनिक ,उप अभियंता अमर सिंह कश्यप ,पीआईयू योगेश पाणिग्रही शामिल है। इन कर्मचारियों ने अंबिकापुर के साफ सफाई ,गार्बेज सिस्टम ,एसआरएलएम सेंटर में कचरा अलग करने के तरीके, डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने एवं अन्य स्वच्छता के विषय पर किए जा रहे हैं कार्यों का निरीक्षण किया। आवश्यकता के अनुसार इन्होंने एसएलआरएम सेंटर और सफाई व्यवस्था में लगी महिला कर्मचारियों से बातीत किए।

Scanned with OKEN Scanner

साइबर ठगी के 47 लाख दिलाए।

# संजय बाजार के दर्जियों को नहीं किया गया शिफ्ट

## आधा-अधूरा व्यवस्थापन, केवल फूल विक्रेताओं को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया, बाकी वहीं हैं

भास्कर न्यूज | जगदलपुर

शहर के सबसे बड़े बाजार को व्यवस्थित करने की हिदायत कुछ दिनों पहले कलेक्टर वियज दयाराम ने निगम आयुक्त हरेश मंडावी को दी थी। इसके साथ ही इस बाजार को जल्द से व्यवस्थित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन कलेक्टर के इस आदेश का अब तक कोई बड़ा असर दिखाई नहीं दे रहा है।

हालत यह है कि निगम के अधिकारियों ने कलेक्टर के आदेश पालन खानापूर्ति के तहत सबसे पहले संजय बाजार में सड़क किनारे बैठे फूल कारोबारियों पर हुआ। सोमवार को निगम के कर्मचारियों ने करीब आधा दर्जन फूल कारोबारियों को संजय बाजार स्थित बड़े नाले के पास खाली पड़ी जमीन पर शिफ्ट किया। कुछ फूल विक्रेताओं ने इसका विरोध करने की कोशिश की लेकिन निगम के अधिकारियों के आगे उनकी एक नहीं चली और मजबूरी में उन्होंने यहां पर दुकान लगा ली। इधर दूसरी ओर निगम ने दर्जियों को पौनी पसारी योजना में बनाए गए शेड में शिफ्ट करने की योजना को अब तक अमल में नहीं ला पाया है। ज्ञात हो कुछ दिनों पहले निगम आयुक्त ने कहा कि दर्जियों को शिफ्ट करने के तहत शेड में बनाए गए चबूतरे को तोड़ने के बाद इन्हें शिफ्ट किया जाएगा जो अब तक नहीं हो पाया है। इसके साथ ही बाजार में बनाए गए दूसरे शेडों से व्यापारियों को कैसे शिफ्ट किया जाए इसको लेकर कोई योजना निगम के द्वारा तैयार नहीं की गई है। निगम के अधिकारियों की लापरवाही का फायदा उठाते हुए कुछ कारोबारी इसी शेड के पास दूसरा शेड लगाकर अपना व्यसाय कर रहे हैं।



फूल विक्रेताओं को सड़क से हटाकर पुलिस के बगल में शिफ्ट किया गया है।

### चिकन दुकान लग रही सड़क पर, परेशानी बढ़ी

अतिक्रमण हटाने निगम की मुहिम करीब सात दिन पहले संजय बाजार में शुरू होने वाली थी। जो अब तक शुरू नहीं हो पाई है। जिसके चलते एक ओर जहां कुछ व्यापारी सड़क पर बैठ सब्जी बेच रहे हैं तो वहीं चिकन व्यवसायी दुकानों की जगह सड़क पर दुकान लगाकर अपना व्यवसाय चला रहे हैं। ज्ञात हो कि इससे पहले कई बार निगम के कर्मचारियों ने चिकन बेचने वाले दुकानदारों को सड़क से हटाते हुए उन्हें दुकान में ही व्यवसाय चलाने की चेतावनी दिए थे। लेकिन इसका कोई बड़ा असर अब नहीं हुआ है। कार्रवाई के कुछ दिनोंके बाद ये फिर से सड़क पर कब्जा कर अपना व्यवसाय चलाते रहे हैं।

Scanned with OKEN Scanner

# अंबिकापुर की तर्ज पर जगदलपुर में होगी साफ-सफाई : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने प्रदेश का स्वच्छतम शहर के रूप में जाना जाने वाला अंबिकापुर के बेहतरीन सफाई सिस्टम का अवलोकन एवं सिस्टम को देखने और समझने के साथ इसे अमल में लाने के उद्देश्य से स्वच्छता विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम अंबिकापुर भेजी थी। गठित टीम में स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास, अजय बनिक, उप अभियंता अमर सिंह कश्यप, पीआईयू योगेश पाणिग्रही को अंबिकापुर के साफ सफाई, गार्बेज सिस्टम, एसआरएलएम सेंटर में कचरा पृथक करने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने एवं अन्य स्वच्छता के विषय पर किए जा रहे कार्यों का अवलोकन कर मॉडल सिस्टम को देखकर जगदलपुर शहर में भी स्वच्छता के सिस्टम पर काम किया जाएगा। कलेक्टर विजय दयाराम के. एवं निगम आयुक्त हरेश मंडावी पूर्व में अधिकारी रहते अंबिकापुर शहर में सफाई मॉडल पर काफी मेहनत कर अंबिकापुर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में कार्य कर चुके हैं। जिसका परिणाम आज अंबिकापुर स्वच्छता के लिए प्रदेश ही नहीं पूरे देश में स्वच्छता पर एक मॉडल शहर के रूप में पहचाना जाता है।

■ बेहतरीन सफाई सिस्टम का अवलोकन करने निगम का स्वच्छता दल गए अम्बिकापुर

# विशेष सफाई अभियान में वार्डों की हो रही सफाई



हरिभूमि न्यूज >>| जगदलपुर

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से निगम प्रशासन लगातार सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ व सुंदर बनाने की मुहिम में जुटा है। इस मुहिम को अग्रसर करते आयुक्त हरेश मंडावी सतत निगरानी करते हुए स्वयं सुबह सफाई अभियान का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर इसे सफल बनाने की योजना बनाकर सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहे हैं। नगर निगम के द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान लगातार चलाया जाकर सफाई कर्मचारियों की गैंग बनाकर शहर के वार्डो में सफाई किया जा रहा है। जिससे वार्ड के नालियों की पूरी तरह सफाई की जा रही है। अभियान का लोगों के द्वारा काफी सराहना की किया जा रहा है।

साथ ही सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, एनयुएलएम की टीम सफाई करने के साथ रहवासियों एवं दुकानदारों को मुहिम से जोड़कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए नालियों एवं सड़कों पर कचरा ना डालने का संकल्प दिलाया जा रहा है। मोतीलाल नेहरू, अटल बिहारी बाजपेई, राजेंद्र नगर, मदर टेरेसा व अन्य वार्डो में नालियों एवं पुलियों का सफाई की गई। इस दौरान स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास, अजय बनिक, दामोदर, सुशील कर्मा व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

अध्ययन करने अम्बिकापुर पहुंची नपानि जगदलपुर की स्वच्छता टीम

# अम्बिकापुर की तर्ज पर जगदलपुर होगा स्वच्छ व सुंदर

नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।

नपानि आयुक्त हरेश मंडावी ने देश एवं प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ स्वछतम शहर के रूप में चर्चित अंबिकापुर के बेहतरीन सफाई सिस्टम का अवलोकन एवं सिस्टम को जानने के उद्देश्य से स्वच्छता विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम बनाकर अंबिकापुर भेजा गया था, उक्त टीम ने अम्बिकापुर शहर का भ्रमण कर वहां के सिस्टम और व्यवस्थाओं को देखा और अब जगदलपुर में उसका प्रयोग किया जायेगा।

ज्ञात हो कि नपानि आयुक्त द्वारा गठित टीम में स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास, अजय बनिक, उप अभियंता अमर सिंह कश्यप, पीआईयू योगेश पाणिग्रही के दल को अंबिकापुर की साफ सफाई, गार्बेज सिस्टम, एसआरएलएम सेंटर में कचरा पृथक-पृथक करने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने एवं अन्य स्वच्छता के विषय पर किए जा रहे कार्यों का अवलोकन कर मॉडल सिस्टम को देखकर अंबिकापुर मॉडल की तर्ज पर जगदलपुर शहर में भी स्वच्छता के सिस्टम पर कार्य करने की योजना बनायी जायेगी। कलेक्टर विजय दयाराम के एवं निगम आयुक्त हरेश मंडावी पूर्व में अधिकारी रहते अंबिकापुर शहर में सफाई मॉडल पर काफी मेहनत कर अंबिकापुर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का कार्य कर चुके हैं।

## विजय व हरीश ने ही संवारा था अम्बिकापुर को



कलेक्टर विजय दयाराम के व नपानि आयुक्त हरेश मण्डावी ने ही अम्बिकापुर को संवारा था, और आज अंबिकापुर स्वच्छता के लिए पूरे देश में एक मॉडल शहर के रूप में पहचाना जाता है। इस बेहतरीन कार्य को जानने एवं उसी तर्ज पर जगदलपुर शहर में भी सफाई के सिस्टम पर कार्य करने के लिए आयुक्त हरेश मंडावी ने टीम का गठन कर अंबिकापुर के मॉडल को जानने व अवलोकन के लिए दल को भेजा था।

## जगदलपुर शहर भी बनेगा मॉडल

उक्त दल के द्वारा अंबिकापुर शहर का भ्रमण कर वहां की साफ-सफाई व्यवस्था के मॉडल का अवलोकन कर वहां के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। इस प्रकार मॉडल को जगदलपुर शहर में उसी तर्ज पर कार्य करने की योजना बनाई जा रही है। जिससे जगदलपुर की पहचान भी प्रदेश ही नहीं पूरे देश में जगदलपुर को स्वच्छता के लिए जाना जाए।

Scanned with OKEN Scanner

## विशेष सफाई अभियान में लगातार वार्डों में हो रही सफाई

# स्वच्छता अभियान की सराहना कर रहे वार्डवासी

**नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।**

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से निगम प्रशासन लगातार सफाई अभियान चलाकर प्रयासरत है, इस मुहिम को अग्रसर करते आयुक्त हरेश मंडावी सतत निगरानी करते हुए स्वयं सुबह इस सफाई अभियान का निरीक्षण करते अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर इसे सफल बनाने के योजना बनाकर सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि नगर निगम के द्वारा कलेक्टर विजय दयाराम के के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान लगातार चलाए जाकर सफाई कर्मचारियों की गैंग बनाकर शहर के वार्डो में सफाई की जा रही हैं। जिससे वार्ड की नालियों की पूरी तरह सफाई की जा रही है। इस अभियान का वार्ड के लोगों के द्वारा काफी सराहना की की जा रही है, साथ ही सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, एनयूएलएम की टीम सफाई करने के साथ वहां के रहवासियों एवं दुकानदारों को मुहिम से जोड़कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए नालियों एवं सड़कों पर कचरा ना डालने का संकल्प दिलाया जा रहा है। इस सफाई अभियान से शहर की जनता का पूरा सहयोग मिलने के साथ अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।



### इन वार्डों में चलाया गया अभियान

आज इस अभियान के तहतआज शहर के मोतीलाल नेहरू, अटल बिहारी वाजपेई, राजेंद्र नगर, मदर टेरेसा व अन्य वार्डो में नालियों एवं पुलियों की सफाई कर अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास, अजय बनिक, दामोदर, सुशील कर्मा व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# विशेष सफाई अभियान में वार्डों की हो रही सफाई

**जगदलपुर**, 11 दिसंबर (देशबन्धु)। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से निगम प्रशासन लगातार सफ़ाई अभियान चलाकर स्वच्छ व सुंदर बनाने में प्रयासरत है। इस मुहिम को अग्रसर करते आयुक्त हरेश मंडावी सतत निगरानी करते हुए स्वयं सुबह इस सफाई अभियान का निरीक्षण करते अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर इसे सफल बनाने के योजना बनाकर सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहे हैं। नगर निगम के द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष सफ़ाई अभियान लगातार चलाए जाकर सफ़ाई कर्मचारियों की गैंग बनाकर शहर के वार्डो में सफाई किया जा रहा है, जिससे वार्ड के नालियों की पूरी तरह सफाई की जा रही है। इस अभियान का वार्ड के लोगों के द्वारा काफी सराहना की किया जा रहा है। साथ ही सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, एन यु एल एम की टीम सफाई करने के साथ वहां के रहवासियों एवं दुकानदारों को मुहिम से जोड़कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए नालियों एवं सड़कों पर कचरा ना डालने का संकल्प दिलाया जा रहा है। इस सफाई अभियान से शहर की जनता का पूरा




>> *शेष पृष्ठ 9 पर* >

Scanned with OKEN Scanner

पर कड़ी कार्रवाई करें।

# नगर निगम की टीम ने किया अंबिकापुर शहर का भ्रमण



**जगदलपुर, 11 दिसंबर (देशबन्धु)।** देश एवं प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ स्वच्छतम शहर के रूप में जाने जाने वाला शहर अंबिकापुर के बेहतरीन सफाई सिस्टम का अवलोकन एवं सिस्टम को जानने के उद्देश्य से आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा स्वच्छता विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का टीम बनाकर अंबिकापुर भेजा गया था। गठित टीम में स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास ,अजय बनिक ,उप अभियंता अमर सिंह कश्यप ,पीआईयू योगेश पाणिग्रही का दल को अंबिकापुर के साफ सफाई ,गार्बेज सिस्टम , एसआरएलएम सेंटर में कचरा पृथक पृथक करने का ,डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने एवं अन्य स्वच्छता के विषय पर किए जा रहे हैं। कार्यों का अवलोकन कर मॉडल सिस्टम को देखकर अंबिकापुर मॉडल के तर्ज पर जगदलपुर शहर में भी स्वच्छता के सिस्टम पर कार्य करने का कार्य किया जाएगा ।

## सफाई मॉडल को देख उसी तर्ज पर जगदलपुर में भी होगा स्वच्छता कार्य

वर्तमान बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के एवं निगम आयुक्त हरेश मंडावी पूर्व में अधिकारी रहते अंबिकापुर शहर में सफाई मॉडल पर काफी मेहनत कर अंबिकापुर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में कार्य कर चुके हैं ।जिसका परिणाम आज अंबिकापुर स्वच्छता के लिए प्रदेश ही नहीं पूरे देश में स्वच्छता पर एक मॉडल शहर के रूप में पहचाना जाता है । इस बेहतरीन कार्य को जानने एवं उसी तर्ज पर जगदलपुर शहर में भी सफाई के सिस्टम पर कार्य करने के लिए आयुक्त हरेश मंडावी जगदलपुर निगम मे टीम का गठन कर अंबिकापुर के मॉडल को जानने व अवलोकन के लिए दल को भेजा था ,दल के द्वारा अंबिकापुर शहर का भ्रमण कर वहां की साफ सफाई व्यवस्था के मॉडल का अवलोकन कर वहां के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर चर्चा किया ।इस प्रकार मॉडल को जगदलपुर शहर में उसी तर्ज पर कार्य करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे जगदलपुर की पहचान भी प्रदेश ही नहीं पूरे देश में जगदलपुर को स्वच्छता के लिए जाना जाए ।

Scanned with OKEN Scanner

# मुख्य मार्गों से गली-मोहल्लों तक में जारी है निगम का विशेष सफाई अभियान, बदल रही तस्वीर

**जिन नुक्कड़ों में कचरे का ढेर लगा रहता था वहां अभियान की वजह से सफाई दिख रही**

अमन पथ न्यूज




जगदलपुर। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निगम प्रशासन लगातार शहर में विशेष सफाई अभियान चला रहा है। इसके तहत शहर के मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों तक में निगम का अमला सफाई का काम कर रहा है। अभियान की शुरूआत से पहले शहर के जिन नुक्कड़ों में कचरे का ढेर नजर आता था। वहां पर अब सफाई दिख रही है। वार्डों में छोटे-बड़े नालों की सफाई का काम भी तेजी से चल रहा है। आयुक्त हरेश मंडावी अभियान की सतत निगरानी करते हुए कर्मचारियों को से चर्चा कर अभियान को सफल बनाने की योजना पर काम करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नगर निगम के द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान लगातार चलाए जाकर सफाई कर्मचारियों की गैंग बनाकर शहर के वार्डों में सफाई किया जा रहा है। जिससे वार्ड के नालियों की पूरी तरह सफाई की जा रही है । इस अभियान का वार्ड के लोगों के द्वारा काफी सराहना की जा रही है। साथ ही सफाई कर्मचारी ,स्वच्छता दीदी ,एनयूएलएम की टीम सफाई करने के साथ वहां के रहवासियों एवं दुकानदारों को मुहिम से जोड़कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए नालियों एवं सड़कों पर कचरा ना डालने का संकल्प दिलावा रही हैं। अभियान को मोतीलाल नेहरू ,अटल बिहारी वाजपेई ,राजेंद्र नगर ,मदर टेरेसा व अन्य वार्डों में नालियों एवं पुलियों का सफाई कर्मचारियों से सफाई कर अभियान चलाया गया।

Scanned with OKEN Scanner

# शहर में अब अंबिकापुर मॉडल पर होगा काम, जायजा लेकर लौटी निगम की टीम

## अंबिकापुर शहर को स्वच्छ बनाने के अलग-अलग कामों को निगम की टीम ने जाना



जगदलपुर। जगदलपुर शहर में अब साफ-सफाई का काम अंबिकापुर मॉडल पर होगा। दरअसल निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर निगम की एक टीम को अंबिकापुर रवाना किया गया था। टीम में शामिल स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास ,अजय बनिक ,उप अभियंता अमर सिंह कश्यप ,पीआईयू योगेश पाणिग्रही ने वहां पर देखा कि अंबिकापुर में किस तरह से साफ सफाई की कार्य योजना बनाई गई है। साथ ही गार्बेज सिस्टम ,एसआरएलएम सेंटर में कचरा पृथक करने के काम, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को देखा गया। अब वहां की तरह की जगदलपुर नगर निगम में काम करने की कार्य योजना बनाई जाएगी ताकि अंबिकापुर की तरह - जगदलपुर भी स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन पर आ सके।

कलेक्टर विजय दयाराम के और निगम आयुक्त हरेश मंडावी पूर्व में अधिकारी रहते हुए अंबिकापुर शहर में सफाई मॉडल पर काफी मेहनत कर चुके हैं। अंबिकापुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कार्य कर चुके हैं। जिसका परिणाम आज अंबिकापुर स्वच्छता के लिए प्रदेश ही नहीं पूरे देश में स्वच्छता पर एक मॉडल शहर के रूप में पहचाना जाता है। इस बेहतरीन कार्य को जानने एवं उसी तर्ज पर जगदलपुर शहर में भी सफाई के सिस्टम पर कार्य करने के लिए आयुक्त हरेश मंडावी जगदलपुर निगम मे टीम का गठन कर अंबिकापुर के मॉडल को जानने व अवलोकन के लिए दल को भेजा था।

Scanned with OKEN Scanner